





# पुराने चबूतरे को नया बताकर किया 2 .50 लाख का भुगतान







- सरपंच की मौजूदगी में जांच, निष्पक्षता पर उठे सवाल
- रिकॉर्ड और भुगतान की जांच से खुलेगा मामले का सच

नवभारत न्यूज

**बिजावर, 7 सितंबर.जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत एरोरा के ग्राम बसरोई में सरकारी राशि के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है.आरोप है कि पहले से बने चबूतरे को अभिलेखों में नया निर्माण दर्शाकर करीब 2.50 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया.**

शिकायत के बाद रविवार को जांच दल मौके पर पहुंचा, लेकिन जांच की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं.आरोप है कि जांच के दौरान सरपंच, सचिव और उनके करीबी लोग मौके पर मौजूद रहे, जिससे जांच की निष्पक्षता पर संदेह पैदा हुआ.

मामले में सामने आई पुरानी और वर्तमान तस्वीरों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं.शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिस चबूतरे का निर्माण पहले ही हो चुका था, उसी कार्य को बाद में नया निर्माण बताकर राशि निकाली गई.ऐसे में सवाल है कि यदि चबूतरा पहले से बना था तो उसी के नाम पर दोबारा भुगतान किस आधार पर किया गया.भुगतान से पहले स्थल का निरीक्षण, माप पुस्तिका में दर्ज कार्य और तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया भी जांच के दायरे में है.

शिकायत के बाद हुई जांच को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर स्वतंत्र तरीके से जांच करने के बजाय संबंधित पंचायत पदाधिकारियों की मौजूदगी में ही प्रक्रिया पूरी की गई. ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की वास्तविकता पुराने अभिलेख, निर्माण की तारीख, माप पुस्तिका, तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति, कार्य के फोटो और भुगतान संबंधी दस्तावेजों के मिलान से सामने आ सकती है.यदि पुराने निर्माण को ही नया दर्शाकर भुगतान किया गया है तो इसमें संबंधित पंचायत के साथ तकनीकी और भुगतान प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होना चाहिए.

हालांकि पुराने चबूतरे को नया बताकर 2.50 लाख रुपए के कथित गबन और जांच में पक्षपात के आरोपों की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है.ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में दोबारा जांच कराने की मांग की है.साथ ही उनका कहना है कि यदि जांच में सरकारी राशि का गलत भुगतान सामने आता है तो जिम्मेदारों से राशि की वसूली के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाए. संबंधित सरपंच, सचिव और जनपद अधिकारियों का पक्ष सामने आने पर उसे भी खबर में शामिल किया जाना चाहिए.



## दो कारों की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत

**छतरपुर.**पन्ना जिले के बहरबारा के पास रविवार देर रात दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई.हादसे में रजनी आदिवासी की छतरपुर जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई.हादसे में रजनी के पिता मंगल और बहन पार्वती घायल हो गए.दोनों को उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है.रजनी के शव का सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया.पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# मटकी फोड़ कार्यक्रम में हुई मारपीट

- चौक बाजार में युवकों के दो गुट भिड़े
- एक युवक पर कई लड़कों ने किया हमला

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 7 सितंबर. चौक बाजार में देर रात मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान युवकों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई.गोवर्धन टॉकीज और एसबीआई बैंक के सामने पहले दो युवकों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया.**



इसी दौरान गुलाबी शर्ट पहने युवक पर कई युवकों ने हमला कर दिया.घटना का वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में सफेद और गुलाबी शर्ट पहने दो युवक आपस में बहस करते नजर आ रहे हैं.कुछ देर बाद दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो जाती है.इसी दौरान गुलाबी शर्ट वाला युवक खुद को बचाते हुए मौके से भागता दिखाई देता है. बताया जा रहा है कि मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल युवकों के दो गुटों के बीच यह विवाद हुआ था.हालांकि, विवाद की वजह और इसमें शामिल युवकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है. घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है.वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों की पहचान करने के साथ विवाद की वजह का पता लगा रही है.

# रामराजा चौराहे पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता

- भरत बहिलिया पठादा टीम ने जीता खिताब
- टीम ने 15 हजार रुपए के पुरस्कार जीते

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 7 सितंबर. रामराजा चौराहे पर स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र सिंह परमार की पुण्यस्मृति में मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. डॉ. राहुल परमार के नेतृत्व में हुए आयोजन में बिजावर विधायक राजेश 'बबलू' शुक्ला और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह 'गुड्डू भैया' मौजूद रहे. दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुई प्रतियोगिता शाम 7 बजे तक चली. बारिश के बावजूद हजारों लोग प्रतियोगिता देखने पहुंचे.**



प्रतियोगिता में अलग-अलग ऊंचाई पर चार मटकियां बांधी गई थीं, जिन पर 2500, 5000, 7500 और 11 हजार रुपए के पुरस्कार रखे गए थे.कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया.भरत बहिलिया पठादा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2500, 5000 और 7500 रुपए वाली तीन मटकियां फोड़कर प्रतियोगिता अपने नाम की.सबसे ऊंची 11 हजार रुपए की मटकी कोई टीम नहीं फोड़ सकी.विजेता टीम को विधायक राजेश शुक्ला ने पुरस्कार, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. बारिश के बीच भी रामराजा चौराहे पर दर्शकों की भीड़ जुटी रही.महिलाओं और युवाओं ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया.आयोजन के दौरान ईशानगर थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व यातायात व्यवस्था संभाली.कार्यक्रम में गुरु प्रसाद अवस्थी, जीतेन्द्र सिंह दत्त चतुर्वेदी, विनय पटैरिया, रवि त्रिपाठी, दीपू राजा, आशीष असाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

## 10 सितंबर को होगा मासिक सैनिक सम्मेलन

**छतरपुर.**छतरपुर एवं पन्ना जिले के पूर्व सैनिकों और विधवाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए 10 सितंबर को मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन सुबह 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर में होगा. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रामविशाल यादव (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सम्मेलन में पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं की पेंशन संबंधी समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी.संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा.उन्होंने दोनों जिलों के पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी समस्याएं रखने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है.

## 82 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**छतरपुर, 7 सितंबर.** तंजीम अताये मुस्तफा अल्पसंख्यक कल्याण समिति के तत्वावधान में नया मोहल्ला स्थित खानकाह में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मुस्लिम समाज के 82 छात्र-छात्राओं को उपहार, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. समारोह में हाजी शहजाद अली ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों का सम्मान करने से उनका हौसला बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है.उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है, ताकि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करें.उन्होंने समाज के बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने और उनके प्रयासों को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया.सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों में उत्साह नजर आया.

# घटरा में नल-जल योजना के निर्माण का विरोध



नवभारत न्यूज

**गौरिहार, 7 सितंबर. थाना क्षेत्र के घटरा गांव में सोमवार दोपहर नल-जल योजना के तहत बाउंड्री निर्माण और जल निकासी कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया. ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के दौरान निर्माण होने से खेतों और आसपास के मकानों में पानी भरने की समस्या बढ़ सकती है.विरोध के चलते मौके पर कुछ समय के लिए काम प्रभावित रहा.**

ग्रामीणों के विरोध की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस और संबंधित कर्मचारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति को शांत कराया.इसके बाद फिलहाल निर्माण कार्य रोकने पर सहमति बनी. ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव की स्थिति सामान्य होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि पानी की निकासी को लेकर समस्या न हो.सहमति के अनुसार पानी कम होने के बाद करीब एक से दो माह बाद काम दोबारा शुरू करने की बात कही गई है.

# बारिश में कच्चा रास्ता बन जाता है दलदल

- नारायणपुरा में वर्षों से सड़क नहीं बनी
- बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी

नवभारत न्यूज

**बिजावर, 7 सितंबर. विकासखंड के ग्राम नारायणपुरा में वर्षों से सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.गांव का मुख्य मार्ग कच्चा होने के साथ जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं. बारिश के दिनों में रास्ते पर कीचड़ और पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो जाता है. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति के कारण गांव का संपर्क भी प्रभावित हो रहा है.**



ग्रामीण नीरज जाटव, कल्लू पाल, मैयादीन कुशवाहा, भागुनता अनुरागी और गज्जू साहू ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को होती है.बच्चे रोजाना कीचड़ और गड्ढों से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं.ग्रामीणों के अनुसार कई बार पंचायत के जिम्मेदारों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच भागवती तिवारी और सचिव धर्मेंद्र कोंदर से कई बार सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिले.ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिल सके.

## एक नजर में



### यात्री प्रतीक्षालय तोड़कर ऑफिस का निर्माण

**हरपालपुर, 7 सितंबर .** पूर्व भाजपा विधायक जितेंद्र सिंह के कार्यकाल में करीब 1 करोड़ 3 लाख की लागत से 29 वर्ष पूर्व निर्मित आधा दर्जन दुकानें,भवन व यात्री प्रतीक्षालय, ऑफिस को जमींदोज कर दिया गया हैं .अब यहां नगर परिषद द्वारा करीब 1 करोड़ 77 लाख की लागत से नगरपरिषद कार्यालय का दो मंजिला भवन निर्माण कराया जा रहा है .निर्माण एजेंसी दीपक शर्मा निवाड़ी द्वारा किया जा रहा है .कार्य की समय अवधि 6 माह रखी गई है . नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि पुराना प्रतीक्षालय भवन जर्जर हालत में होने पर उसे तोड़ दिया है . अब उस जगह नगरपरिषद कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है .



### मशीन चलाते समय युवक को लगा करंट, मौत

**छतरपुर .** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड स्थित हरी वाटिका के पीछे सोमवार सुबह पाइप लाइन डालने का काम कर रहे युवक को करंट लग गया .बगौता निवासी रामपाल अहिरवार सुबह करीब 11 बजे मशीन चला रहे थे, तभी वह करंट की चपेट में आ गए . हादसे के बाद परिजन रामपाल को उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे .यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया . जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है .घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है .

### सांप ने बालिका को काटा, भर्ती

**छतरपुर .** बमीठा थाना क्षेत्र के सूरजपुरा निवासी भारती आदिवासी को सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर में सांप ने काट लिया .सर्पदंश के बाद बालिका की हालत बिगड़ गई . हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे .यहां डॉक्टरों ने बालिका को भर्ती कर उपचार शुरू किया .भारती को जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती किया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है .

# आवास की किस्त के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

नवभारत न्यूज

**बिजावर, 7 सितंबर. महुआझाला गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप सामने आया है.गांव के निवासी सुरेंद्र सिंह राजपूत ने सरपंच और सचिव पर यह आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई है.**

सुरेंद्र सिंह का आरोप है कि आवास योजना की पहली किस्त जारी करने के दौरान भी उनसे 5 हजार रुपए लिए गए थे.अब दूसरी किस्त जारी करने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की जा रही है.राशि नहीं देने पर दूसरी किस्त



जारी नहीं होने की बात कही गई है.

दूसरी किस्त नहीं मिलने से परेशान हितग्राही ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज कराई है.शिकायत में संबंधित पंचायत पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है.हालांकि, रिश्वत मांगने के आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.सरपंच और सचिव का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी.

**आयोजन** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई मिस्टर-मिस फ्रेशर प्रतियोगिता

# फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 7 सितंबर. वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विधि, मैनेजमेंट और वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने जटाशंकर पैलेस में शिक्षक दिवस और फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया.कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटने और शिक्षकों के सम्मान के साथ हुई.विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं का अभिनंदन कर आभार जताया.**



फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं.बीएएलएलबी के प्रिंस चौधरी, बीकॉम के ताबेंद्र सिंह और बीबीए के अभय राज को मिस्टर फ्रेशर चुना गया.वहीं बीएएलएलबी की पूजा धुर्वे, बीकॉम की कनिष्का खरे और बीबीए की प्राची को मिस फ्रेशर का खिताब मिला.

कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मनोरंजक खेलों में भी हिस्सा लिया.आयोजन संस्था के चेयरमैन डॉ. अशोक दीक्षित, मैनेजिंग डायरेक्टर शुभम दीक्षित, रजिस्ट्रार डॉ. पवनेश तिवारी, प्राचार्य डॉ. दीप्ति मिश्रा और विधि विभाग के प्रभारी प्राचार्य नवीन सूद के मार्गदर्शन में हुआ.कार्यक्रम का संचालन भावना अनुरागी ने किया.